INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 2
BUSINESS LAWS, ETHICS
AND COMMUNICATION

– NOV 2020

CTR2 (H)

Roll No. ....

Total No. of Printed Pages – 12

Total No. of Questions – 6

Maximum Marks – 70

GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to Questions in Part I are to be marked on the OMR answer sheet only. Answers to questions in Part II are to be written on the descriptive type answer book. Answers to MCQs, if written in the descriptive type answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. The barcoded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive type answer book. No barcode sticker is to be affixed on the OMR answer sheet.
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, (b) OMR answer sheet thereon and (c) the answer book in respect of descriptive type answer book to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

PART – II **70 marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

© The Institute of Chartered Accountants of India

PART – II

1. (a) AB Limited issued equity shares of ₹ 1,00,000 (10000 shares of ₹ 10 each) on 01.04.2020 which have been fully subscribed whereby XY Limited holds 4000 shares and PQ Limited holds 2000 shares in AB Limited. AB Limited is also holding 20% equity shares of RS Limited before the date of issue of equity shares stated above. RS Limited controls the composition of Board of Directors of XY Limited and PQ Limited from 01.08.2020. Examine with relevant provisions of the Companies Act, 2013 : **6**

   (i) Whether AB Limited is a subsidiary of RS Limited ?

   (ii) Whether AB Limited can hold shares of RS Limited ?

   (iii) Whether AB Limited can vote at Annual General Meeting of RS Limited held on 30.09.2020 ?

   (b) "Ethics are not based on feelings, religion, law, accepted social practice or science". – Discuss the statement. **4**

   (c) "Departments divide and create barriers but without their co-operation it would be virtually impossible for an organization to function." In view of above discuss the causes which create problems during inter-departmental communication. **4**

2. (a) (i) Define the term "Exempted Establishment" under the Employees' Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952 and state the establishments which are exempted under this Act. **3**

   (ii) Who is deemed to be covered under 'family' of an employee under the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972 ? Can an adopted child be considered in terms of family under this Act ? **3**

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) How ethical behaviour of an individual affects organization ? What factors at work place could be responsible for developing negative attitude in an individual ? 4

(c) "To whom, what, when and how" are the factors in communicating change. Explain the statement. 4

3. (a) (i) Define the term 'Basic Wages' under the provisions of the Employees' Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952. Also mention what is not included in the term 'Basic Wages'. 3

(ii) What are the modes of reduction of share capital under the Companies Act, 2013 ? Will the provisions related to reduction of share capital also apply on the buy-back of its securities by a company ? 3

(b) Answer whether the following statements are correct or incorrect giving brief reasons : 4

(i) In long run those business firms which do not respond to the society's needs favorably will survive.

(ii) Acid rain will have adverse effect on human beings and not on vegetation.

(c) Discuss the basic principles of Interpersonal Communication. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

4\. (a) (i) Mr. Ketan of Chennai appointed Mr. Shekhar as his agent to buy a house in East Extension area. Mr. Shekhar bought a house for ₹ 30 lakh in the name of a nominee and then purchased it himself for ₹ 34 lakh. He then sold the same house to Mr. Ketan for ₹ 36 lakh. Mr. Ketan later comes to know about the mischief of Mr. Shekhar and tries to recover the excess amount paid to Mr. Shekhar. Is he entitled to recover any amount from Mr. Shekhar ? If so, how much ? Explain with the provisions contained in the Indian Contract Act, 1872. **4**

(ii) Calculate the date of maturity of the following bill of exchange explaining the relevant provisions for determination of date of maturity as provided in the Negotiable Instruments Act, 1881 – **2**

The bill of exchange drawn on 01/06/2019. It is payable 120 days after date.

(b) Explain whether the following statement is correct or not – **4**

"A person who bought goods for resale or commercial purpose is a consumer under the Consumer Protection Act, 1986".

(c) Draft a notice for ABC Limited's Annual General Meeting mentioning four ordinary businesses. **4**

© The Institute of Chartered Accountants of India

5. (a) 500 equity shares of ABC Limited were acquired by Mr. Anurag, but the signature of Mr. Mayank, the transferor, on the transfer deed was forged. Mr. Anurag, after getting the shares registered by the company in his name, sold 250 equity shares to Mr. Abhinav on the strength of the share certificate issued by ABC Limited. Mr. Anurag and Mr. Abhinav were not aware of the forgery. What are the liabilities/rights of Mr. Mayank, Anurag and Abhinav against the company with reference to the aforesaid shares ? **6**

(b) "Production process and strategy for eco-friendly technologies throughout the product life cycle and minimization of waste play major role in protection of the environment and conservation of resources." – Explain. **4**

(c) Discuss the limitations of oral and written communications. **4**

---

6. (a) (i) Explain the phrase 'quantum meruit' with reference to the Indian Contract Act, 1872. **3**

OR

Distinguish Bailment and Pledge.

(ii) In a general meeting of a company, the shareholders passed a special resolution regarding some special matters. There were 30 members present in the meeting. Out of which 15 voted in favour of the resolution, 6 voted against it and 5 votes were found invalid. The remaining 4 members abstained from voting. The chairman of the meeting declared the resolution as passed. With reference to provisions of the Companies Act, 2013 examine the validity of chairman's declaration. **3**

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) Considering the following situations, explain, which type of threats arise : 4

(i) M/s. ABC is unhappy with the observations in the draft audit report and threatens to switch auditors next year. M/s. ABC is the biggest client of the auditor.

(ii) The auditor is assisting in selling M/s. ABC, as a going concern while also serving as its auditors.

(c) Write short notes on : 4

(i) Power of Attorney

(ii) Lease Deed

© The Institute of Chartered Accountants of India

PART – II

1. (a) AB लिमिटेड ने 01.04.2020 को ₹ 1,00,000 के समता अंश (प्रति ₹ 10 वाले 10,000 अंश) जारी किये, जिनका पूर्ण अभिदान प्राप्त हो गया । इसके फलस्वरूप AB लिमिटेड में XY लिमिटेड 4000 अंशों की एवं PQ लिमिटेड 2000 अंशों की धारक हैं । उपरोक्त समता अंशों को जारी करने के पूर्व AB लिमिटेड के पास RS लिमिटेड के 20% समता अंश भी हैं । 01.08.2020 से RS लिमिटेड XY लिमिटेड और PQ लिमिटेड के संचालक मंडल के गठन पर नियंत्रण करती है । कंपनी अधिनियम, 2013 के संबंधित प्रावधानों के अनुसार परीक्षण कीजिये : 6

(i) क्या AB लिमिटेड RS लिमिटेड की सहायक कंपनी है ?

(ii) क्या AB लिमिटेड RS लिमिटेड के अंश अपने पास रख सकती है ?

(iii) क्या AB लिमिटेड RS लिमिटेड की 30.09.2020 को हुई वार्षिक साधारण सभा में मत दे सकती है ?

(b) "नीतिशास्त्र (नैतिकता) भावनाओं, धर्म, कानून, स्वीकृत सामाजिक व्यवहार या विज्ञान पर आधारित नहीं है ।" इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिये । 4

(c) "विभागों का विभाजन होता है और वे अवरोध उत्पन्न करते हैं, लेकिन उनके सहयोग के बिना किसी संगठन का कार्य में बने रहना पूर्णरूपेण असम्भव है ।" 4

उपरोक्त कथन के संदर्भ में उन कारणों की व्याख्या कीजिये जो अंतर्विभागीय संचार में समस्या उत्पन्न करते हैं ।

2. (a) (i) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत "छूट प्राप्त प्रतिष्ठान" की परिभाषा दीजिए एवं उन प्रतिष्ठानों का उल्लेख कीजिये जिन्हें इस अधिनियम के अंतर्गत छूट प्राप्त है । 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

(ii) ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी कार्मिक के परिवार में कौन शामिल माना जाता है ? क्या गोद लिया बच्चा भी इस अधिनियम के अंतर्गत परिवार में शामिल किया जा सकता है ? 3

(b) एक व्यक्ति का नीतिगत व्यवहार संगठन को किस प्रकार प्रभावित करता है ? कार्य-स्थल पर वैयक्तिक नकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने वाले कारक कौन से हैं ? 4

(c) परिवर्तन परिस्थितियों में संचार के "किसे, क्या, कब और कैसे" कारक होते हैं । इस कथन को समझाइये । 4

3. (a) (i) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत "मूल मजदूरी" की परिभाषा दीजिये । उनका भी उल्लेख कीजिये जो मूल मजदूरी शब्द में शामिल नहीं किये जाते हैं । 3

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अंश पूँजी में कमी करने के तरीके कौन से हैं ? क्या अंश पूँजी में कमी से संबंधित प्रावधान प्रतिभूतियों के पुनःखरीद पर भी लागू होंगे ? 3

(b) निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत, संक्षिप्त कारण सहित उत्तर दीजिये : 4

(i) दीर्घकाल में वे व्यावसायिक संगठन अस्तित्व में रहेंगे जो सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति अनुकूल रवैया नहीं रखते हैं ।

(ii) अम्ल वर्षा का प्रतिकूल प्रभाव मनुष्यों पर पड़ेगा, न कि वनस्पतियों पर ।

(c) अन्तर्वैयक्तिक संचार के मूलभूत सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

4. (a) (i) चैन्नई के केतन ने शेखर को पूर्वी विस्तार क्षेत्र में एक मकान खरीदने के लिए अपना एजेन्ट नियुक्त किया । शेखर ने ₹ 30 लाख में एक मकान एक मनोनीत (नामांकित) व्यक्ति के नाम खरीदा और बाद में उसे ₹ 34 लाख में उसने स्वयं खरीद लिया । तत्पश्चात उसने वही मकान ₹ 36 लाख में केतन को बेच दिया । बाद में केतन को शेखर की करतूत का पता चला और उसने शेखर को दिया अतिरिक्त धन वसूल करने का प्रयास किया । क्या वह शेखर से कोई राशि वसूल करने का अधिकारी है ? यदि हाँ, तो कितनी ? भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अनुसार समझाइये । 4

(ii) विनिमय साध्य प्रलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत परिपक्वता तिथि की गणना संबंधी प्रावधानों को समझाते हुए निम्नलिखित विनिमय-पत्र की परिपक्वता तिथि की गणना कीजिये – 2

विनिमय-पत्र दिनांक 01/06/2019 को लिखा गया । इस विनिमय-पत्र की भुगतान तिथि उसके 120 दिन पश्चात् है ।

(b) निम्नलिखित कथन सही है या नहीं, समझाइये – 4

"ऐसा व्यक्ति जिसने सामान को पुनर्बिक्री या व्यापारिक उपयोग के लिए खरीदा, वह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत एक उपभोक्ता है ।"

(c) चार सामान्य कार्यों का उल्लेख करते हुए ABC लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा की सूचना का प्रारूप बनाइये । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

5. (a) ABC लिमिटेड के 500 समता अंश अनुराग द्वारा प्राप्त किये गये, किंतु हस्तांतरण-पत्र पर हस्तान्तरणकर्ता मयंक के हस्ताक्षर जाली थे। ABC कंपनी द्वारा अंशों को उसके नाम में रजिस्टर कर, उसे जारी अंश प्रमाण-पत्र के आधार पर अनुराग ने 250 अंश अभिनव को विक्रय कर दिये। अनुराग और अभिनव को इस जालसाजी की जानकारी नहीं थी। उपरोक्त अंशों के संबंध में मयंक, अनुराग और अभिनव के कंपनी के विरुद्ध क्या अधिकार/दायित्व हैं ? 6

(b) "पर्यावरण सुरक्षा तथा संसाधन संरक्षण के लिए उत्पादन प्रक्रिया एवं संपूर्ण उत्पाद जीवन चक्र के लिए पर्यावरणानुकूल तकनीक की रणनीति तथा न्यूनतम कचड़ा निकलने की बहुत बड़ी भूमिका होती है।" – समझाइये। 4

(c) मौखिक एवं लिखित संचार की सीमाओं की व्याख्या कीजिये। 4

6. (a) (i) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के संदर्भ में 'अर्जित मात्रानुसार' वाक्यांश को समझाइये। 3

अथवा

निक्षेप और गिरवी के मध्य अंतर बताइये।

(ii) एक कंपनी की सामान्य सभा में अंशधारियों द्वारा कुछ विशेष मामलों के लिए एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया। सभा में 30 सदस्य उपस्थित थे। उनमें से 15 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में और 6 ने इसके विपक्ष में मत दिया तथा 5 मत अवैध पाये गये। शेष 4 सदस्यों ने मतदान में भाग नहीं लिया। सभा के अध्यक्ष ने प्रस्ताव पारित होने की घोषणा की। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में अध्यक्ष की घोषणा की वैधता का परीक्षण कीजिये। 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) निम्नलिखित परिस्थितियों पर विचार करते हुए बताइये कि किस प्रकार की आशंका उत्पन्न होती है ? 4

(i) अंकेक्षण रिपोर्ट की रूप–रेखा (प्रारूप) में वर्णित कथनों के फलस्वरूप मैसर्स ABC नाखुश है एवं अगले वर्ष अंकेक्षकों को परिवर्तित करने की धमकी देती है। मैसर्स ABC इस अंकेक्षक की सबसे बड़ी ग्राहक है।

(ii) मैसर्स ABC के अंकेक्षक के रूप में सेवा देते हुए वे अंकेक्षक मैसर्स ABC को चालू व्यवसाय के रूप में बेचने में सहायता कर रहे हैं।

(c) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 4

(i) अधिकार पत्र

(ii) पट्टा या किराया विलेख पत्र

© The Institute of Chartered Accountants of India

रोल नं. .... मुद्रित पृष्ठों की कुल संख्या – 12

कुल प्रश्नों की संख्या – 6 अधिकतम अंक – 70

अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टिकर केवल वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा । OMR उत्तर-पत्र पर कोई बार कोड स्टिकर नहीं लगाया जाएगा ।
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठे रहना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I (b) OMR उत्तर-पत्र और (c) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

भाग – II 70 अंक

1. भाग-II में **6** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है तथा शेष **5** प्रश्नों में से किन्हीं **4** का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

© The Institute of Chartered Accountants of India